**जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत जनपद महराजगंज की ग्रामीण पेयजल योजनाओं की स्वीकृति हेतु 02.08.2021 को जिलाधिकारी महराजगंज की अध्यक्षता में सम्पन्न जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक का कार्यवृत्त**

**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद महराजगंज ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति हेतु चयनित फर्म में0 जे.एम.सी.प्रोजेक्ट एवं एल.सी.ई.एस.पी.एस. (जे.वी.) 6वां तल, कलपतरू सेनर्जी ग्राण्ड हांयात होटल के सामने, सान्ताक्रूज (ईस्ट), मुम्बई द्वारा प्रस्तुत 83 नग डी0पी0आर के तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृत हेतु अनुमोदन का प्रस्तावः—**

जनपद महराजगंज के ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप पेयजल योजना के निर्माण एवं संचालन/अनुरक्षण (10 वर्ष) हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उत्तर प्रदेश द्वारा अपने पत्र संख्या–2134/W–22/NIT/2020–21 दिनांक 13.01.2021 के माध्यम से **में0 जे.एम.सी.प्रोजेक्ट एवं एल.सी.ई.एस.पी.एस. (जे.वी) 6वां तल, कलपतरू सेनर्जी ग्राण्ड हांयात होटल के सामने, सान्ताक्रूज (ईस्ट), मुम्बई** को 446 राजस्व ग्राम आवांटित किये गये है।

उक्त के सम्बन्ध में जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा पत्रांक 245/कार्य–114/29 दिनांक 27.03.2021 के माध्यम से 249 राजस्व ग्रामों तथा पत्रांक 278/कार्य–114/42 दिनांक 08.04.2021 द्वारा के माध्यम से 197 राजस्व ग्रामों अर्थात कुल 446 राजस्व ग्रामों की सूची उपलब्ध कराते हुए तत्काल डी0पी0आर0 तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के अनुपालन में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा अनुमोदित कराये गये 7 नग डी0पी0आर0 पत्र संख्या 390/कार्य–114/60 दिनांक 05.06.2021 द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को प्रेषित किये गये है।

पुनः **में0 जे.एम.सी.प्रोजेक्ट एवं एल.सी.ई.एस.पी.एस. (जे.वी.) 6वां तल, कलपतरू सेनर्जी ग्राण्ड हांयात होटल के सामने, सान्ताक्रूज (ईस्ट), मुम्बई** द्वारा 83 नग डी0पी0आर0 प्रस्तुत किया गया है, जिसमें 83 ग्राम पंचायतों के 101 राजस्व ग्रामों की कुल 380 बस्तियों को पाइप पेयजल योजना से आच्छादित करते हुए कुल 46836 घरो को FHTC प्रदान किया जाना है।

**निर्णयः—** अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, महराजगंज द्वारा कुल 83 ग्राम पंचायतों के 101 राजस्व ग्रामों की कुल 380 बस्तियों को पाइप पेयजल योजना से आच्छादित करने हेतु प्रस्तुत किये गये 83 नग डी0पी0आर0 तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किये गये। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ कोषाधिकारी महराजगंज द्वारा प्राक्कलन में 12.50 प्रतिशत सेन्टेज के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 12.50 प्रतिशत सेन्टेज मात्र कार्य की लागत पर लगाया जाना चाहिये। अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि प्राक्कलन में कार्य लागत एवं कंटिजेन्सी मद पर 12.50 प्रतिशत सेन्टेज लगाया गया है जिस पर जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा SWSM से मार्गदर्शन प्राप्त करने के निर्देश दिये गये। साथ ही अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा DPR में सोलर पावर प्लान्ट की दरें तथा क्रय नेडा से किया जाना है अथवा नहीं एवं ISA द्वारा संचालित की जाने वाली गतिविधिया को प्रारम्भ करने के सम्बन्ध में मार्गदर्शन प्राप्त कर उपलब्ध कराकर अनुपालन करते हुये स्वीकृति हेतु डी0पी0आर0 प्रेषित करने के निर्देश अधिशासी अभियन्ता जल निगम को दिये गये।

2/8/2021

| | | | |
|---|---|---|---|
| **अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव**<br>**उ0प्र0 जल निगम, महराजगंज** | **जिला विकास अधिकारी**<br>**महराजगंज** | **जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**<br>**महराजगंज** | **जिला कृषि अधिकारी**<br>**महराजगंज** |
| **जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी**<br>**महराजगंज** | **अधिशासी अभियन्ता (सिचाई)**<br>**महराजगंज** | **मुख्य चिकित्साधिकारी,**<br>**महराजगंज** | **वरिष्ठ कोषाधिकारी**<br>**महराजगंज** |
| **परियोजना निदेशक,**<br>**जिला ग्राम्य विकास अभिकरण**<br>**महराजगंज** | **प्रभागीय वनाधिकारी,**<br>**महराजगंज** | **मुख्य विकास अधिकारी,**<br>**महराजगंज** | **जिलाधिकारी/अध्यक्ष**<br>**महराजगंज** |

Scanned with OKEN Scanner